53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.9°c अधिकतम 33.5 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:52, सूर्यास्त - 6:50 | वर्ष : 53/अंक : 233 | रविवार, 24 अगस्त 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सिर्फ खड़े होकर पानी देखने से आप नदी नहीं पार कर सकते।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

चुनाव आयोग, भाजपा और अधिकारियों की तिकड़ी वोटों की डकैती डाल रही है : अखिलेश यादव



खाली बैठे भी क्या करें नेता...... कुछ न कुछ बोलना जरूरी है.....

# मोनू के घर पहुंचे संगीत सोम, बोले-यह तो भाजपा शासन है, तब यह हाल है

## परिवार को किया आश्वस्त | कल तक दो मुख्य आरोपी और पकड़े जायेंगे | ऐसी सजा मिलेगी की 7 पुश्तें याद रखेंगी

**बुढ़ाना, 23 अगस्त (एजेंसी)।** मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में मोनू खटीक की पिटाई और मौत का मामला गर्म होता जा रहा है। इस मामले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं और विभिन्न दलों के नेता पीड़ित परिवार से मिलने पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में आज फायर ब्रांड नेता एवं पूर्व विधायक संगीत सोम बुढ़ाना पहुंचे और मोनू खटीक के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। संगीत सोम ने घटना पर गहरा दुःख जताते हुए कहा कि जितने भी आरोपी हैं, कोई भी बख्शा नहीं जाएगा। मैं शासन और प्रशासन से इस मामले में बात करूंगा।

आपको बता दें कि कस्बे के मोहल्ला पछाला पश्चिमी निवासी कशिश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका पति मोनू करबला रोड पर अपनी बहन बिल्लो के मकान की तलाश कर रहा था। हमलावरों ने उनके पति मोनू कुमार को घर के बाहर खींचकर शारीरिक यातनाएं दी और बाहर लेकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए फिर मारपीट कर हत्या कर दी। नवाब, इरफान, सलमान, शाकिब, फरीद, इसरार और ईशान व चार अन्य अज्ञात लोगों ने एक राय होकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके पति को लाठियों से पीटा और गंभीर यातनाएं दीं, जिससे उनकी मौत हो गई।





### वीडियो लखनऊ तक देखा गया

**बुढ़ाना।** संगीत सोम ने बताया कि मोनू की हत्या का वीडियो पूरे प्रदेश और देश के लोगों ने देखा है। इस मामले में गारंटी है कि एक भी आरोपी नहीं बचेगा, इसकी गारंटी मैं भी देता हूँ। इसके बारे में मैं पार्टी और शीर्ष अधिकारियों से बात करूंगा।

### नीच लोग हैं बाज नहीं आते हैं

**बुढ़ाना।** संगीत सोम ने बताया कि जिन लोगों ने हत्या की है, वो ऐसे बुरे नीच लोग हैं, जो अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। इनका इतिहास ही खराब रहा है। पर यह लोग याद रखें कि इनको जो सजा मिलेगी, वो उनकी 7 पुश्तें भी याद रखेंगी।

### अभी दो और लोग पकड़े जाएंगे

**बुढ़ाना।** संगीत सोम ने दावा किया है कि इस मामले में अभी तक 5 नामजद हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने दावा किया कि दो लोगों की और गिरफ्तारी होगी। सभी आरोपी कुछ ही समय में सलाखों के पीछे होंगे।

# पालिका ईओ का चला चाबुक, तीन अफसरों के वेतन पर लगाई रोक

## एई-जेई निर्माण, कार्यवाहक टीएस समेत छह लिपिकों पर गिरी गाज

**मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)।** बेपटरी हुई पालिका की व्यवस्था में सुधार के साथ ड्यूटी के प्रति अफसरों को जवाबदेह बनाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच ईओ ने कड़े कदम उठाए हैं। पालिका में सख्ती व लगातार निरीक्षण के बाद भी अफसरों और कर्मियों के आचरण में सुधार नहीं होने के बीच अब कामकाज को लेकर आचरण नकारात्मक पाया गया। शासन के आदेशों के बीच कुछ शिकायतों को लेकर हो रहे स्पेशल ऑडिट में जांच टीम को सहयोग करने और ड्यूटी के प्रति लापरवाही पाये जाने पर पालिका के 3 अफसरों के संग 6 लिपिकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। उक्त मामले में पालिका ईओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने के आदेश जारी करते हुए जवाब मांगा है, जिससे नगर पालिका में हड़कंप मचा है। शासन स्तर पर जारी निर्देशों के बीच में शिकायतों के आधार पर पालिका में स्पेशल ऑडिट कार्य चल रहा है, जिसमें जांच दल को पालिका के विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पत्रावलियां उपलब्ध कराकर सहयोग करने के बजाए गोल-गोल घुमा रहे हैं। करीब डेढ़ माह तक घनचक्कर बना देने के बाद इनकी शिकायत ऑडिट कर रहे अफसरों ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से की तो उनकी जांच में गंभीर लापरवाही सामने आई। इसे लेकर उन्होंने नाराजगी के साथ सख्त कार्यवाही की है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि शासन में हुई कुछ शिकायतों के आधार पर स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग निदेशालय प्रयागराज के आदेशों पर नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के अभिलेखों स्पेशल ऑडिट चल रहा है। इसका उनके द्वारा समय समय पर स्थलीय पर्यवेक्षण किया जा रहा है। बीते 02 अगस्त को इस कार्य एवं वांछित अभिलेखों की उपलब्धता अद्यतन स्थिति का परीक्षण किया गया। इसमें सामने आया कि पर्याप्त समय के व्यतीत होने के बाद में महत्वपूर्ण अभिलेख और पत्रावलियों को कई बार मौखिक व लिखित रूप से मांगे जाने के बाद भी ऑडिट टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके लिए जांच टीम के प्रभारी देवेन्द्र प्रकाश आर्य ने 4 अगस्त को पत्र के माध्यम से वांछित दस्तावेज या पत्रावली की उपलब्धता नहीं होने की शिकायत की, जिससे यह स्पष्ट है कि नगर पालिका स्तर से अभी तक भी कतिपय महत्वपूर्ण अभिलेखों को जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया है, जो गंभीर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उनके द्वारा कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग और संपत्ति विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की है।

“ **इन्होंने कहा-** ईओ डा. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि एई निर्माण नैपाल सिंह, प्रभारी टीएस पारूल यादव, कर विभाग के मुख्य लिपिक प्रवीण कुमार, किराया पटल लिपिक अशोक पाल, संपत्ति लिपिक शोभित सिंघल और जन्म-मृत्यु लिपिक के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि जब तक स्पेशल ऑडिट कर रही जांच टीम को वांछित दस्तावेज व पत्रावलियां उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, तब तक इनको वेतन जारी नहीं होगा। वहीं ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने पर जेई निर्माण राजीव सोनकर, लिपिक फिरोज खां, लिपिक नितिन कुमार का वेतन रोका है। ये बिना पूर्व अनुमति के ड्यूटी से नदारद रहे। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त के बाद 17 अगस्त तक अवकाश मिला था, लेकिन कुछ लोग बिना बताये इसके बाद सोमवार से कार्यालय नहीं आये। इसके लिए इनके वेतन पर रोक लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। ”



# सहारनपुर में नकली नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**सहारनपुर, 23 अगस्त (एजेंसी)।** सहारनपुर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने रेलवे क्वार्टर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.59 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए। इसके साथ ही नोट बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और सामग्री भी जब्त की गई। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि करीब चार महीने से आरोपी नकली नोट बनाने का काम कर रहे थे। इससे पहले गुरुद्वारा रोड निवासी वंश और रूबल को पुलिस ने पकड़ा था। पूछताछ में पूरे गिरोह का खुलासा हुआ। इसके बाद सर्विलांस, स्वाट टीम और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार को शशि कुमार उर्फ सर्वेश (कानपुर), नवीन पासवान (गोरखपुर) और करणवीर (यमुनानगर) को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने बताया कि वे ऑनलाइन विदेशी साइट्स से सिक्योरिटी पेपर मंगवाते थे और लैपटॉप व प्रिंटर की मदद से 500 रुपये के नकली नोट छापते थे। इन नोटों को इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों को एक के बदले दो के लालच में बेचा जाता था। आरोपी 500 रुपये के नकली नोट को 250 से 800 रुपये तक में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। आपको बता दें कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 रुपये के नकली नोटों की गड्डियां, छह मोबाइल, दो लैपटॉप, एक प्रिंटर, फोटो कटर, सिक्योरिटी थ्रेड पेपर, चार्जर, बाइक और अन्य सामग्री बरामद की। पुलिस ने बताया कि आरोपी नवीन पासवान के खिलाफ पहले से गोरखपुर में केस दर्ज है।



## आर्थिक बदहाली और तानों से तंग आकर की भाई और पत्नी की हत्या

**प्रतापगढ़, 23 अगस्त (वार्ता)** राजस्थान में प्रतापगढ़ के धमोतर थाना क्षेत्र में आर्थिक तंगी और परिवार वालों के तानों से तंग आकर एक व्यक्ति ने अपने ही भाई और पत्नी की कुल्हाड़ी से बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने शनिवार को बताया कि इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी प्रेमचंद मीणा (42) निवासी बिल्ली खेड़ा को पुलिस ने तत्परता गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त की सुबह प्रेमचंद मीणा ने अपने बड़े भाई मूलचंद और अपनी पत्नी सविता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है। इस हमले में मूलचंद का बेटा मनीष उर्फ मनोज और प्रेमचंद का अपना बेटा संतोष भी घायल हो गए थे। सूचना मिलते ही थानाधिकारी घीसूलाल मीणा पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। जहाँ दो शव मिले। पुलिस ने आरोपी प्रेमचंद मीणा को मौके से ही हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि अपनी खराब आर्थिक स्थिति और परिवार वालों के तानों से परेशान होकर उसने इस घटना को अंजाम दिया। जुर्म स्वीकार करने के बाद आरोपी प्रेमचंद को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायालय में पेश किया गया।

## प्रशासन ने सट्टा किंग की 6 करोड़ 32 लाख की सम्पत्ति सीज की

**बुढ़ाना, 23 अगस्त (बु.)।** कस्बा बुढ़ाना के चर्चित सट्टा किंग प्रदीप कुमार की लगभग 06 करोड़ 32 लाख रुपये की कीमत की संपति आज शनिवार के दिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा सीज कर दी गयी है। बताया जाता है कि पुलिस और प्रशासन की इस संयुक्त कार्यवाही से अब उन लोगों में भी जबरदस्त हड़कंप मच गया है, जो विभिन्न प्रकार के अवैध धंधों को अंजाम देने में लगे हैं। यह बड़ी कार्यवाही गैंगस्टर एक्ट के तहत जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा के आदेश पर एसपी देहात आदित्य बंसल की अगुवाई में बुढ़ाना पुलिस प्रशासन के द्वारा की गयी है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब बुढ़ाना में काफी दिनों से खुलेआम होने वाली सट्टे की खाईबाड़ी बंद है। चोरी छिपे अब भी चल रही है, वो बात अलग है।

# एसडीएम की सरकारी गाड़ी से घूम रहा हिस्ट्रीशीटर का बेटा, हूटर बजाकर मौहल्ले में दिखा रहा था रौब

**हरदोई, 23 अगस्त (एजेंसी)।** हरदोई के शाहाबाद एसडीएम की सरकारी गाड़ी का दुरुपयोग का मामला सामने आया है। एसडीएम से अटैच सरकारी गाड़ी का चालक गांव की गलियों में हूटर बजाकर दहशत फैला रहा है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के मवैया गांव में यह घटना हुई। वीडियो में दिख रहा युवक अंकित है, जो हिस्ट्रीशीटर टुन्नू पांडे का बेटा है। टुन्नू पांडे का नाम हिस्ट्रीशीटर सूची में 8वें नंबर पर दर्ज है। वीडियो में अंकित एसडीएम लिखी गाड़ी में सिगरेट पीते हुए नजर आ रहा है। ग्रामीणों के विरोध करने पर उसने गाड़ी सड़क पर खड़ी कर दी और लगातार हूटर बजाता रहा। इससे बाजार और गलियों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंकित रोजाना गांव में आकर हूटर बजाता है और लोगों को परेशान करता है। ग्रामीणों ने सरकारी गाड़ी के दुरुपयोग को प्रशासन की साख से जोड़ा है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



प्रशासन वायरल वीडियो और शिकायतों के आधार पर जांच कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा विवाद हो सकता है। वे सरकारी वाहनों और हूटर के दुरुपयोग पर तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।

GD GOENKA SCHOOL | Muzaffarnagar
Thrive. For Life.

APPLICATIONS INVITED

Requires dynamic, highly competent, committed, self-motivated and enthusiastic female candidates for the following posts:-

- TGT - Hindi, English, Social Science, Computer & Mathematics
- PRT - All Subjects
- Others - Taekwondo Black Belt, Librarian

Salary no bar for deserving candidates

Qualification and Experience must match with their respective posts as per CBSE Norms. Candidates should be fluent in English.

Deserving Candidates may send their resume on:-
hr@gdgoenkamuzaffarnagar.com

ENQUIRE NOW
7060-671-720, 21

## दिल्ली-एनसीआर में शुरू मूसलाधार बारिश

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में आंधी के साथ तेज बारिश हो रही है। वहीं, आईएमडी ने अन्य राज्यों का भी हाल बताया है। इसके अलावा नोएडा में आज दिनभर बादलों के साथ धूप भी निकली हुई थी। शाम होते ही नोएडा के कई इलाकों में भारी बारिश शुरू हो गई है और अभी भी जारी है। इसके अलावा मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान, गुजरात क्षेत्र, झारखंड में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। आईएमडी ने दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी किया है। कल भी दिल्ली एनसीआर में बारिश हो सकती है और आंधी की भी आशंका जताई गई है। फिलहाल, लोगों को उमस से राहत जरूर मिल रही है। दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश का येलो अलर्ट दिया गया है। वहीं, गुरुग्राम और फरीदाबाद में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और कल की बात करें तो येलो अलर्ट बताया गया है। एनसीआर की बात करें, तो ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। कई दिनों से गर्मी के साथ-साथ उमस भी काफी हो रही थी, जिससे लोगों को परेशान हो रही थी। अब जब तेज बारिश हो रही है तो गर्मी से बहुत आराम मिल रहा है।

## दिल्ली से खाटू श्याम के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

**नयी दिल्ली, 23 अगस्त (वार्ता)** हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली स्यंदन एविएशन ने शनिवार को दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए दैनिक उड़ान शुरू की। स्यंदन एविएशन के प्रबंध निदेशक अभिनव सहाय ने इस मौके पर ह्यूनीवार्ताह्न को बताया कि कंपनी देश के पूरे एविएशन इको सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उसका फोकस हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रा पर है - ऐसे स्थलों की यात्रा जो सनातन धर्म से जुड़े हुये हैं। उन्होंने बताया कि इसी साल मथुरा-वृंदावन के लिए भी सेवा शुरू की जायेगी। रोहिणी-खाटू श्याम जी-सालासर बालाजी-रोहिणी का किराया 95 हजार रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग छह घंटे में दर्शन करके उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराये के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवा, मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है।








# अग्निवीर भर्ती रैली में बिजनौर के युवाओं ने दिखाया जज्बा




मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। अग्निवीर सेना भर्ती रैली के दूसरे दिन बिजनौर सहित चार तहसीलों के युवाओं ने दौड़ के बूते भर्ती के मार्ग को प्रशस्त करने का काम किया। इस बीच कड़ी जांच पड़ताल से गुजरने के साथ बिजनौर तहसील के साथ नगीना, धामपुर और चादंपुर के 1018 युवाओं ने नुमाइश मैदान में दौड़ लगाकर अपनी मेहनत का परिचय दिया। एक जिले की 4 तहसीलों से एक हजार से अधिक युवाओं ने 10 चरणों में दौड़ कराई गई। इस दौरान गौतमबुद्धनगर व शामली के पूर्व में चयनित युवाओं ने दौड़ के साथ पुलअप और जिग जैक आदि की कसौटी के लिए सेना अफसरों की कसौटी पर खरा उतरने को पसीना बहाया। शनिवार को अग्निवीर सेना भर्ती रैली के दूसरे दिन बिजनौर जनपद की 4 तहसीलों के करीब 1018 युवा शुक्रवार देर रात ही मुजफ्फरनगर पहुंच गए। पड़ोसी जिला होने के कारण कम संख्या में अभ्यर्थी रात्रि में सड़कों पर रहे, अन्यथा सभी अपने परिचितों के घरों पर रूके, लेकिन शुक्रवार सुबह तीन बजे के बाद भर्ती स्थल के पास भीड़ लगनी शुरू हो गई। चार बजे बूंदाबांदी शुरू होने के बीच करीब 7 बजे नुमाईश मैदान में युवाओं को प्रवेश मिला। सभी अभ्यर्थी पहले अपने प्रमाण-पत्र चैकिंग के लिए लाइनों में लगे। इसके बाद 1600 मीटर की दौड़ में भाग लिया। तहसील के अनुसार चेस्ट नंबर दिए गए, जिससे भर्ती प्रक्रिया में अफसरों को पहचान में आसानी रही। बिजनौर के युवाओं को दूसरे दिन नुमाइश ग्राउंड के ट्रेक से स्टेडियम रोड होते हुए मेरठ रोड और फिर नुमाइश ग्राउंड में प्रवेश के बाद ट्रैक पर दौड़ने का रास्ता समझाया गया। चेस्ट नंबर देने के लिए ग्रुपों में युवाओं को दौड़ाया गया। इसके बाद दौड़ में पास हुए अभ्यर्थियों की अन्य प्रक्रियाएं पूरी की गई।

# टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**-डॉ. एमएल गर्ग ने अपने पुत्र की प्रथम पुण्य तिथि 13 अप्रैल से लगातार 102 टीबी रोगियों को गोद लिया।**
**-जिला रेडक्रॉस भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 102 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई।**




मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त, (बुस.)। जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत नगर के प्रसिद्ध वरिष्ठ चेस्ट फिजिशियन डॉ. एमएल गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी उषा गर्ग द्वारा अपने पुत्र स्व. निधीश राज गर्ग की प्रथम पुण्यतिथि 13 अप्रैल, 2025 से लगातार प्रत्येक माह 102 टी.बी. के मरीजों को पोषण पोटली वितरण की जा रही है। इसी के क्रम में आज जिला रेडक्रॉस भवन में पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में टीबी की रोकथाम एवं टीबी के उपचार को और अधिक सुलभ बनाने के लिए जनपद की सरकारी संस्थाओं, प्रबुद्धजनों, समाजसेवकों तथा जन प्रतिनिधियों को अभियान से जुड़ने का भी आह्वान किया। डॉ. सुनील तेवतिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा टीबी मरीज को प्रत्येक माह उनके द्वारा प्रदत्त बैंक खाते में पोषण हेतु एक हजार प्रतिमाह के अनुसार प्रथम तीन हजार इलाज के शुरू में तथा द्वितीय तीन हजार की धनराशि 6 माह सामान्य टीबी के इलाज हेतु प्रदान की जाती है। सामान्य से अतिरिक्त टीबी में पूर्ण इलाज प्राप्त करने तक नियमित निक्षय पोषण योजना का लाभ दिया जाता है। उन्होंने डॉ. एमएल गर्ग एवं उनके परिवार को निःक्षय मित्र बनकर रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करने पर उनके कार्य को प्रशंसनीय बताया। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया कि डॉ. एमएल गर्ग वरिष्ठ-चेस्ट फिजिशियन जनपद को अपनी उत्तम एवं बेहतर सेवायें लगातार प्रदान कर रहे हैं। डॉ. गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी उषा गर्ग द्वारा अपने पुत्र की स्मृति में लगातार 102 टीबी रोगियों को गोद लेकर प्रत्येक माह पोषण पोटली दिया जाना एक उत्कृष्ट कार्य है। कार्यक्रम में मीडिया बन्धुओं के माध्यम से जनपद में समस्त टीबी रोगियों को अपना इलाज समय से एवं पूरा लेने तथा बीच में इलाज ना छोड़ने हेतु व्यापक प्रचार करने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में इनरव्हील क्लब आफ मुजफ्फरनगर ईरा से उषा गर्ग (आईपीपी), उषा राना (प्रेजीडेन्ट), सन्तोष भीम (सेकेट्री), सुनीता अरोरा, ममता तायल, सपना गर्ग एवं टीबी विभाग से डॉ. करन, अतुल भारद्वाज, सहबान, संजीव शर्मा, विपिन शर्मा, रूचिर, अभिषेक, हेमन्त, आदि रहे।

# शाहपुर कस्बे से 10 दिन पूर्व ले जाई गई नाबालिग हिंदू किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**-आरोपी अबू बकर निवासी पलड़ी गिरफ्तार, जेल भेजा गया**



शाहपुर, 23 अगस्त (बु.)। थाना पुलिस ने क्षेत्र से करीब 10 दिन पूर्व बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ किशोरी को बरामद कर लिया। किशोरी हिंदू समुदाय से थी, जबकि आरोपी मुस्लिम समाज से था, जिस कारण प्रकरण को लेकर तनाव बना हुआ था। थाना क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था कि 14 अगस्त को उसकी नाबालिग पुत्री अपनी सहेली के जन्मदिन पर गई थी, किंतु वह वापस नहीं लौटी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। शनिवार को योग साधना यशवीर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने पुलिस से किशोरी को सात दिन में बरामद करने के साथ आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी तथा चेतावनी दी थी, यदि किशोरी बरामद नहीं होती, तो आरोपी के घर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज ने कार्यवाही करते हुए किशोरी को बरामद करने के साथ सोरम गेट के पास स्थित बस स्टैंड से आरोपी थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी अबू बकर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया गया, जबकि किशोरी का मेडिकल मुआयना कराया जा रहा है।

# शाहपुर में पहली बार अंगदान एवं पर्यावरण को लेकर निकाली विशाल एवं भव्य रैली

**- मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया रैली का शुभारंभ - कौशल विकास मंत्री ने छात्राओं को किया पुरस्कृत**








शाहपुर, 23 अगस्त (बु.)। स्थानीय राज एकेडमी एवं शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान मे एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य है पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता व अंगदान के प्रति जनमानस को प्रेरित करना, जो कि एक सराहनीय कदम है। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विद्यालय के बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने देश भक्ति एवं भाईचारे से संबंधित जो झांकियां बनाई गई थी, बहुत आकर्षक थी। इस अवसर पर अंगदान के पोस्टर बनाने वाले छात्रों को कपिल देव अग्रवाल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। रोटरी क्लब सखी की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने रैली में भाग लेने वाले बच्चों को शुभकामनाएं दी। रैली कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। प्रबंधक अरविंद गुप्ता ने विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं के कार्य की सराहना करते हुए सभी नगरवासियों एवं नगर पालिका और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई और अशोक बाठला, नितिन मलिक, व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन संगल एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक ने बताया कि छात्र-छात्राएं रैली के दौरान "स्कूल चलो अभियान, "कोई भी बच्चा शिक्षा के बिना, "एक छात्र एक पेड़" और "मेरा नगर सुंदर नगर", जैसे संदेश के माध्यम से कस्बे के नागरिकों से सहयोग की अपील की। शाहपुर कस्बे में इस तरह के विषयों को केंद्र में रखकर पहली बार रैली का आयोजन किया गया, जो निश्चय ही जन जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# डिस्ट्रिक्ट लेवल पर वर्ल्ड विजन विद्यालय को मिला गौरव

**- प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत बनीं डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर**



मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बुस.)। मुजफ्फरनगर और आस-पास के जिलों के लिए यह गर्व का क्षण है कि वर्ल्ड विजन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर के रूप में घोषित किया गया है। वह कई वर्षों से सीबीएसई में रिसोर्स पर्सन और मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्यरत हैं। उनकी उपलब्धियों व सराहनीय कार्य को देखते हुए बोर्ड द्वारा उनको यह सम्मान दिया गया। सीबीएसई की इस घोषणा के साथ ही डॉ. मृणालिनी अब जिले स्तर पर शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं शैक्षिक गुणवत्ता को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभायेंगी। उनका चयन जिले की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल है। सभी ने डॉ. मृणालिनी को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जिले के शिक्षकों को प्रशिक्षण के नए अवसर प्राप्त होंगे। विद्यालय प्रबंधन ने भी इसे संस्थान के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया और कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे जिले की शैक्षिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

# शाहपुर में हुए बवाल के बाद भाजपा नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी

**- अब पूर्व सांसद राजपाल सैनी समर्थकों समेत पहुंचे गांव कमालपुर**



शाहपुर, 23 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव कमालपुर में रेप कांड एवं उसके बाद शाहपुर में हुए बवाल के बाद भाजपा नेताओं का आने का सिलसिला जारी है। आज पश्चिमी यूपी में सैनी समाज के सबसे बड़े नेताओं में से एक पूर्व राज्यसभा सांसद, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल सैनी ने क्षेत्र के कमालपुर गांव में समर्थकों सहित पहुंचकर दुष्कर्म के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हुए बवाल की घटना के मामले की जानकारी ली। पूर्व सांसद ने कहा कि पीड़ित परिवार व किसी भी ग्रामीण के विरुद्ध अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे को समाप्त कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि किसी भी सूरत में उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 अगस्त को एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़िता के परिजनों व ग्रामीणों ने कस्बा पुलिस चौकी के सामने जाम लगाकर धरना प्रदर्शन किया था। पुलिस ने लाठी फटकार कर जाम खुलवा दिया था तथा करीब तीन दर्जन लोगों को नामजद करते हुए 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को जाम लगाने व आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यक्ति सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। शनिवार को पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री एवं भाजपा के बड़े नेता राजपाल सैनी कमालपुर गांव में पहुंचे और पीड़ित परिजनों व ग्रामीण से वार्ता की। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपियों से सांठगांठ करने का आरोप लगाया तथा कहा कि पुलिस का रवैया पीड़ित परिवार के साथ ठीक नहीं रहा। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि कुछ बाहरी लोगों ने पीड़ित परिवार व ग्रामीणों को उकसाकर जाम लगवाने जैसा कार्य करने को मजबूर किया। ग्रामीणों ने पूर्व सांसद से पुलिस के दर्ज मुकदमे को भी वापस करने की मांग की। राजपाल सैनी ने कहा कि वह पीड़ित परिवार के अलावा ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे तथा पीड़ित परिवार व ग्रामीणों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार व ग्रामीणों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे को वापस कराने का प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से भी वार्ता की। पूर्व राज्यसभा सांसद राजपाल सैनी क्षेत्र के एक गांव में कमालपुर में पहुंचे, जहां उन्होंने एक किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हुए बवाल की घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए पुलिस के दर्ज मुकदमे को वापस करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों व बाहरी लोगों ने पीड़ित परिवार व ग्रामीणों को उकसाकर जाम लगवाने जैसा कार्य करने को मजबूर किया। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों की हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए अधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों का उत्पीड़न न करने को कहा। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव प्रताप सैनी, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, चरण सिंह सैनी, राजेश सैनी व चंद्रपाल सैनी आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# उ.प्र. उद्योग व्यापार संगठन में आनंद गुप्ता नगर अध्यक्ष व पूर्व सभासद प्रियांशु जैन नगर महामंत्री हुए मनोनीत



मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बुस.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल की संस्तुति पर प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह व जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी द्वारा युवा उद्योगपति आनंद गुप्ता को नगर अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद भाजपा प्रियांशु जैन को नगर महामंत्री मनोनीत किया गया। मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल व प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह ने कहा कि दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों द्वारा व्यापारिक हितों में संघर्ष करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल एवं यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष व स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। अध्यक्ष संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति संजय मिश्रा व जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनीत पत्र सौंपते हुए बधाई प्रेषित की गई। जिला महामंत्री विशाल जैन द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता वं नगर महामंत्री प्रियांशु जैन द्वारा कहा कि संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा जो सम्मान हमें दिया गया है हम सदैव व्यापारिक हितों की रक्षा करते हुए व्यापारियों की किसी भी समस्या हेतु अग्रणी रहकर कार्य करेंगे। इस दौरान व्यापार संगठन के जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंघल, जिला युवा अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, जिला युवा महामंत्री भूपेंद्र गोयल, जिला युवा मंत्री हर्षद महेश्वरी द्वारा भी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए नवीन दायित्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# जिलास्तरीय जूड़ो प्रतियोगिता में दिखाया बालिकाओं ने दमखम



मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। जनपद स्तरीय बालिका शैक्षिक माध्यमिक विद्यालयी खेलकूद जूडो क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएवी इंटर कॉलेज के जूडो हाल में प्रधानाचार्या सारिका जैन, जैन कन्या इंटर कॉलेज प्रेमपुरी व प्रमोद कुमार प्रधानाचार्य एवं एनएफसी प्रभारी राजकीय इंटर कॉलेज मेहलकी ने फीता काटकर किया। जूडो की छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने खेल को नियमों का पालन करते हुए खेलने के आह्वान के साथ प्रतियोगिताओं के लिए अपना शुभाशीष दिया। आज की चयनित छात्राएं भविष्य में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में सहारनपुर में प्रतिभाग करेंगी। चयनित छात्रा अंडर 14 बालिका वर्ग सृष्टि, दिव्यांशी अंडर वर्ग 17 बालिका कनिका, सारिका और अंडर-19 बालिका वर्ग में अनुष्का और मीनाक्षी ने अपने भार वर्ग में मंडल के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में ताइक्वांडो को रोबिन, यीशु करानिया और शिवम ने निर्णायक की भूमिका में अपना योगदान दिया। इस दौरान मुख्य रूप से सत्यकाम तोमर, डॉ. राहुल कुशवाहा, अक्षय कुमार, समीर चौधरी, गया प्रसाद प्रजापति, बबीता राणा, रचना रावत, प्रीति आदि शारीरिक शिक्षकों ने अपना विशेष योगदान दिया। प्रतियोगिता के समापन पर प्रियंका शर्मा शारीरिक शिक्षिका जैन कन्या इंटर कॉलेज प्रेमपुरी ने सभी के प्रति हृदय की गहराइयों से कृतज्ञता ज्ञापित की।

# आकस्मिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पुलिसकर्मी की बुलेट का कटवाया चालान



चरथावल, 23 अगस्त (बु.)। एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा शनिवार को थाना चरथावल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, भोजनालय, कम्प्यूटर कक्ष, शस्त्रागार आदि के साथ ही कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शनिवार दोपहर को आकस्मिक निरीक्षण हेतु पहुंचे एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा त्यौहार रजिस्टर,अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन किया गया। वहीं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियों को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके अलावा थानाक्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ व सट्टा की पूर्णतः रोकथाम करने, शातिर अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने के साथ ही आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने एवं महिला सम्बन्धी अपराधों की जांचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं थाना परिसर में खड़ी पुलिसकर्मी की मॉडिफाइड साइलेन्सर लगी बुलेट मोटर साईकिल को देखकर एसएसपी नाराज हो गये। उन्होंने बाईक का चालान करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस कर्मी हो या आम जनमानस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर डॉ. रविशंकर, प्रभारी निरीक्षक चरथावल जसवीर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शनिश्चरी अमावस्या पर भक्तों ने किया शनिदेव का अभिषेक



मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। देशभर के साथ जनपद में शनिश्चरी अमावस्या पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। इस कड़ी में चरथावल मोड़ स्थित सिद्धपीठ श्री शनिधाम मंदिर प्रांगण में पितरों के कल्याणार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ प्रातः काल से ही पूजा अर्चना के लिए मंदिर प्रांगण में उमड़ी रही। इस दौरान आयोजित भंडारे व पूजा अर्चन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग किया। श्री शनिधाम मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष शरद कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को मंदिर प्रांगण में अमावस्या पर प्रातः काल श्री सुंदरकांड का पाठ प्रेम प्रकाश अरोड़ा मानव कल्याण परिषद परिवार की ओर से किया गया। तत्पश्चात 31 यजमानों द्वारा मंदिर प्रांगण में घी, नील, दूध, दही, शहद के साथ भगवान शनि देव शिला का पंचामृत अभिषेक किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में शनिदेव के जयकारों से परिसर गूंज उठा। पंचामृत अभिषेक के बाद महाआरती तथा 56 भोग का प्रसाद भगवान शनि देव को अर्पित किए जाने के बाद मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस बार 56 भोग व भंडारे का आयोजन हिमांशु कुमार पुत्र दिनेश कुमार मेरठ वालों की ओर से आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान शनि देव की पूजा पाठ में धार्मिक कार्यक्रम पंडित केशवानंद सिद्धपीठ वाले, पंडित संजय मिश्रा, संतोष मिश्रा, शिवा पंडित आदि ने संपन्न कराए। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, नरेंद्र पंवार, मुकेश चौहान, संदीप विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही। मंदिर के सेवा कार्यों में प्रदीप कृष्णापुरी, सुभाष चंद्र अग्रवाल, सतीश, आशीष, मंजू, राकेश कुमार, नीटू भारद्वाज आदि का योगदान रहा। शनिश्चरी अमावस्या पर पितरों के लिए दान पूजन करने और उनके कल्याणार्थ पूजा पाठ करने से परिवारों में पितरों की शांति होती है इसके लिए शनि पूजा सर्वोत्तम है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 10282, दिनांक 05/9/2023 में गलती से नाम उन्नति जैन अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम दीपशिखा जैन है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- अनुज जैन
5/6, लेबर कॉलोनी, सहारनपुर
मो. 9897812579



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# *हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की* के उद्घोष के साथ श्रीकृष्ण शोभायात्रा आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गई





चरथावल, 23 अगस्त (बु.)। कस्बे में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, के उद्घोष के साथ युवा जागरण मंच के तत्वावधान में श्रीकृष्ण शोभायात्रा अनेक सुंदर व आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गयी। हनुमान मन्दिर से शुरू हुई शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंघल व समाजसेवी अभिषेक बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं जिला पंचायत सदस्य डॉ. विपिन त्यागी व भाजपा नेता मनीष गर्ग ने नारियल तोड़कर बांके बिहारी के रथ का शुभारंभ किया। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। चरथावल कस्बे में शनिवार की शाम 5 बजे हनुमान मंदिर से शुरू हुई श्रीकृष्ण शोभायात्रा में बांके बिहारी सेवा परिवार द्वारा निकाली गयी शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन द्वारा फीता काटकर एवं वरिष्ठ समाजसेवी अभिषेक बंसल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर यात्रा का शुभारम्भ किया गया, वहीं मुख्य अतिथि अभिषेक बंसल का पटका व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। खाटू श्याम की झांकी सभी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। अभिषेक बंसल द्वारा अन्य कई झांकियों का भी उद्घाटन किया। वहीं गणेश जी, हनुमान जी, शिव भोलेनाथ, श्रीकृष्ण व मीरा की सुंदर झांकियों को खूब सराहा गया। इसके अलावा मटके पर बैठ माखन खाते श्रीकृष्ण, भारतमाता, पालकी में बैठे राधा कृष्ण सहित अनेक सुंदर झांकी दर्शकों को लुभा रही थी। वहीं हनुमान जी के विशाल स्वरूप की झांकी भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। रथ पर बनी भगवान बांके बिहारी की सुंदर झांकी को जिला पंचायत सदस्य डॉ. विपिन त्यागी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग, प्रधान जैकिराज सैनी, अनमोल गर्ग, निधीश गर्ग, दीपक त्यागी आदि श्रद्धालुओं ने खींचा। शोभायात्रा कई बैंडबाजों के साथ हनुमान मन्दिर से शुरू होकर शिवचौक, मुख्य बाजार, बस स्टैंड होते हुए हनुमान मन्दिर पर समाप्त हुई। बैंडबाजों की भक्तिमय धार्मिक धुनों पर युवक खूब थिरके। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर श्रीराम गुप्ता, शिवकुमार, आरुष कुच्छल, अनमोल सिंघल, तरंग गर्ग, योगीराज प्रेमी, प्रत्यक्ष गर्ग, सार्थक सिंघल, मनीष सिंघल, हनी सिंघल, दीपक त्यागी, चेतन, सहज, लहर, विशाल त्यागी, सीलू त्यागी, मोनू त्यागी, सागर, रविन्द्र, यशपाल, अंकुश गर्ग आदि का सहयोग रहा।

# सीडीओ ने किया चरथावल सीएचसी व ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण

चरथावल, 23 अगस्त (बु.)। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी कमलकिशोर कण्डारकर ने विकास खंड चरथावल का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत, मनरेगा कार्यों और प्रधानमंत्री आवास योजना की पत्रावलियों की जांच की। ब्लॉक परिसर के निरीक्षण के बाद उन्होंने प्रभारी बीडीओ विक्रान्त चौधरी को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सफाईकर्मियों से समस्याएं सुनी एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सीएचसी का निरीक्षण किया। इमरजेंसी में सफाई व्यवस्था न मिलने पर नाराजगी जताई। शनिवार को चरथावल विकासखण्ड पर पहुंचे सीडीओ कमलकिशोर कण्डारकर ने ब्लॉक मुख्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक परिसर में साफ-सफाई, पेड़ों का रखरखाव और फरियादियों के लिए बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सीडीओ ने निर्देश दिए कि ब्लॉक में आने वाले किसी भी फरियादी की समस्या को कर्मचारी तुरंत सुनें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए, जिससे ग्रामीणों को परेशानी न हो। उन्होंने विकासखंड परिसर में डस्टबिन रखवाने, साफ-सफाई रखने एवं बिल्डिंग की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सफाईकर्मियों से समस्याएं सुनी एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने चरथावल सीएचसी का निरीक्षण किया गया। इमरजेंसी में सफाई व्यवस्था न मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सीएसची परिसर की साफ सफाई कराई जाए, वहीं निरीक्षण के दौरान तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

# युवा रामलीला कमेटी ने कस्बे में निकाली ध्वज यात्रा



भोपा, 23 अगस्त (बु.)। सैकड़ों वर्षों से भोपा में आयोजित होने वाली प्रसिद्ध श्री रामलीला मंचन की तैयारी आरंभ हो गई है। शनिवार को ध्वज पताका पूजन कर ध्वज यात्रा निकाली गई, जिसका अनेक स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भोपा में ध्वज पताका यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तरुण धीमान के द्वारा पूजन के उपरांत किया गया। यात्रा रामलीला स्थल से आरंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई शिवालय मंदिर पहुंची। इस दौरान प्रसाद का वितरण भी किया गया। युवा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिल कांत शर्मा ने बताया कि भोपा में श्री रामलीला का मंचन 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। तरुण धीमान ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन से जुड़ी झांकियों के प्रदर्शन से मानवता दया व सच्चाई को बढ़ावा मिलता है। डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम सच्चाई के प्रतीक है। सभी को उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अनिल शर्मा, सुरेश धीमान, कुणाल वालिया, शुभम शर्मा, अमरपाल सैनी, अर्जुन, संजय कुमार, मनोज शर्मा, अभिषेक सैनी, हेमंत कुमार, आशीष सैनी, आर्यन राठी, महिपाल राठी, आयुष शर्मा, रविन्द्र ककरोली, संजय कोरी, शंकर कश्यप आदि उपस्थित रहे। पंडित अंकित शर्मा द्वारा पूजा संपन्न कराई गई।



# शक्ति क्लब द्वारा आयोजित श्रीराम लीला महोत्सव की ध्वज यात्रा निकाली गई

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बुस.)। शक्ति क्लब रजिस्टर्ड द्वारा आयोजित श्रीराम लीला महोत्सव का ध्वजारोहण आज श्री रामलीला मैदान से विधिवत पूजा-अर्जना के बाद नगर भ्रमण के लिए हनुमान जी के द्वारा ध्वज यात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य बाजारों से होती हुई वापस रामलीला मैदान पर संपन्न हुई। पूजा अर्चना में मुख्य संरक्षक विजेन्द्र गोयल, मुकेश गोयल, गौरव स्वरूप, कुश पुरी, अविनाश त्यागी सहित अध्यक्ष बिजेंदर पाल, सचिव संजीव दीपित, कोषाध्यक्ष स. राजेन्द्र सिंह एडवोकेट, मीडिया प्रभारी नवनीत कौशिक, पवन पाल, सुनील कपिल, उमेश चौरसिया, संयोजक सत्येंद्र पंवार, नीरज शर्मा, शिवकुमार शर्मा, आडीटर अशोक शर्मा, शैलेंद्र नेगी, डॉ. अमरीश त्यागी, गौरीकांत त्यागी निर्देशक गुरु विजेंद्र जी, प्रववशमी, नवनीत वर्मा, अज्जू शर्मा, सुनील रहेला, रविकांत शर्मा सभासद, अखिलेश पाल, राजीव अरोरा, सुशील पाल, महीपाल धीमान आदि के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने ध्वज यात्रा में भाग लिया।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## विषैली विचारधारा की वकालत

विषैली विचारधारा की वकालत बिल्कुल नहीं होनी चाहिए, लेकिन अब विचारधारा की लड़ाई के नाम पर विषैली विचारधारा की वकालत चल रही है। संविधान बचाओ का शोर मचाने वाले ही, संविधान को तार -तार कर रहे हैं। लोकतंत्र के मूल्यों को गिराने वाले ही, लोकतंत्र खतरे में है का नारा लगाते हैं। यह सब राजनैतिक पाखण्ड है और यह इन दिनों खूब चल रहा है। लोकतंत्र में रह कर भी कुछ लोग राजतंत्र में जी रहे हैं, जब उन्हें जेल का दरवाजा दिखाई देने लगता है, तो वे संविधान और लोकतंत्र की बातें करने लगते हैं, जिनकी सोच में जंग लग गया है, वे अच्छे-अच्छे शब्दों की आड़ में अपने मन का विष वमन करते रहते हैं और स्वयं को बहुत बड़ा विचारक प्रचारित करते रहते हैं। भारत को दिखायी देने वाले शत्रुओं से भी सावधान रहना है और ऐसी विषैली विचारधारा के लोगों से और उनकी वकालत करने वालों से भी सावधान रहना है। एक विचित्र बात यह भी है कि इन पाखण्डियों को चैनल वाले खूब दिखाते हैं, क्योंकि उनकी टीआरपी को बढ़ाने में ये बड़े काम आते हैं। लोग इनकी बातों से, इनकी विचारधारा से तो नाराज होते हैं, लेकिन टीवी पर इनकी बेइज्जती होते हुए देखकर उन्हें बड़ा मजा आता है और पाखण्डी सोचता है कि मेरी बात टीवी के माध्यम से फैल रही है। यह भी देखा गया है कि ऐसे पाखण्डियों के चेहरे पर कभी स्याही, कभी कालिख, कभी थप्पड़ पड़ जाते हैं, उसके बाद चैनल का एंकर दुःखी होने की एक्टिंग करता है, लेकिन मन में खुश होता है कि इस काण्ड से टीआरपी बढ़ गयी। राजनैतिक पाखण्डियों को किसी भी रूप में बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए। विषैली विचारधारा के लोगों को बिल्कुल बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए, लेकिन खेद का विषय है कि ऐसे लोग सभ्य समाज में पाए जाते हैं और उन पर लानत तो पड़ती ही है, लेकिन उनकी विषैली विचारधारा की वकालत करने वाले उनका महिमामण्डन भी करते हैं, इस महिमामण्डन के कारण वे सारी लानत, सारा धिक्कार झेल कर भी खुश रहते हैं। ऐसे तमाम लोगों का बहिष्कार होते रहना चाहिए। ऐसे ही राजनैतिक पाखण्डियों पर अंकुश रखने के लिए सरकार ने 130वां संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है। केंद्रीय गृहमन्त्री अमित शाह के द्वारा पेश किए गए विधेयक का विपक्ष ने जबरदस्त विरोध किया है, इसमें प्रावधान है कि यदि कोई मन्त्री, मुख्यमन्त्री या प्रधानमन्त्री भ्रष्टाचार या अन्य किसी गंभीर अपराध के मामले में लगातार 30 दिन तक जेल में रहता है, तो वह जिस पद पर है, उससे उसकी विदाई हो जाएगी। पिछले 11 सालों में कम से कम 13 ऐसे मामले सामने आए हैं, जब सरकार में काम कर रहे मंत्रियों को जांच एजेंसियों ने हिरासत में ले लिया। इसमें से पीएमएलए एक्ट के तहत 10 नेताओं की गिरफ्तारी हुई। ज्यादातर मन्त्री 30 दिन से भी ज्यादा समय तक जेल में रहे और कुछ अभी भी जेल में हैं, जिन मंत्रियों की पद पर रहते हुए गिरफ्तारियां हुई, उनमें दिल्ली में आम आदमी पार्टी के और पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार के मंत्री ज्यादा हैं। अमित शाह ने इस विधेयक को लेकर डीएमके पर पलटवार किया और कहा कि ये डीएमके वाले लोग 130वें संवैधानिक संशोधन विधेयक को काला विधेयक कहते हैं। स्टालिन बाबू, आपको इस विधेयक को काला कहने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि आप एक ऐसे मुख्यमन्त्री हैं, जो काले काम करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने लोकसभा में 130 वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पेश किया है। पूरा विपक्ष इसका विरोध करने लगा है। अगर कोई मुख्यमन्त्री या प्रधानमन्त्री जेल जाता है, तो उसे अपने पद से इस्तीफा देना होगा। विपक्ष पूछ रहा है कि इस विधेयक की क्या जरूरत है? डीएमके के सीनियर मंत्री के. पोनमुडी और सेंथिल बालाजी 8 महीने तक जेल में थे। उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। बताइए, क्या आप जेल में रहकर सरकार चला सकते हैं? अमित शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में तमिलनाडु में बीजेपी, एआईएडीएमके और एनडीए सहयोगियों की सरकार बनने जा रही है। डीएमके सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने कई घोटाले किए हैं। अमित शाह ने कहा है कि कांग्रेस ने वामपंथियों के दबाव में आकर सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने रेड्डी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने नक्सलिज्म को सपोर्ट करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का गलत इस्तेमाल किया। कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी पर निशाना साधा। कोच्चि में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा है कि रेड्डी ने सुप्रीम कोर्ट का जज रहते हुए वामपंथी उग्रवाद के पक्ष में फैसले सुनाए। अमित शाह ने यह भी कहा है कि रेड्डी को उम्मीदवार बनाने से केरल में कांग्रेस की जीत की बची हुई संभावना भी खत्म हो गई है। अमित शाह ने आगे कहा कि विपक्ष के प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी वही शख्स हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद की मदद के लिए सलवा जुडूम जैसा फैसला दिया था। अगर ऐसा फैसला नहीं दिया गया होता, तो वामपंथी उग्रवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। शाह ने आगे कहा कि केरल ने नक्सलवाद का दंश और उग्रवाद को भी झेला है। उन्होंने कहा कि केरल की जनता जरूर देखेगी कि कैसे वामपंथियों के दबाव में कांग्रेस ने ऐसे उम्मीदवार को चुना है, जिसने सर्वोच्च न्यायालय जैसे संस्थान का गलत इस्तेमाल किया। सुप्रीम कोर्ट के जज रहते रेड्डी ने कई चर्चित फैसले सुनाए थे, जिनमें सलवा जुडूम मामला बेहद अहम है। 2011 में एक फैसले में जस्टिस सुदर्शन रेड्डी और जस्टिस एसएस निज्जर की दो जजों की पीठ ने सलवा जुडूम को भंग कर दिया था। सलवा जुडूम एक ऐसा संगठन था, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कुछ आदिवासी युवाओं को उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता था। पीठ ने अपने फैसले में इस संगठन को अवैध और असंवैधानिक घोषित किया था। बीजेपी नेता तेजिंदर बग्गा ने इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी का विरोध किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि एंडरसन ने भोपाल गैस त्रासदी में 25,000 भारतीयों की जान ले ली थी। राजीव गांधी ने उसे भारत से भागने में मदद की थी, जब सीबीआई ने मामले को फिर से खोलने की अपील की, तो जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने इन्कार कर दिया। अब वह सोनिया गांधी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'सियासत' 'धंधा' 'कोल्हू' 'तेल'

ये सियासत है ये तेरे बस का धंधा ही नहीं,
तेल का कोल्हू लगा तेरे बड़ा काम आएगा।
जहर की भी कद्र कर तू अपने जीवन में सुनील,
वक़्त पड़ने पर वही बनकर दवा काम आएगा।<ठड्ढली>


### शोक सन्देश





बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य श्री ओम सिंह मलिक पुत्र श्री मनफूल सिंह का स्वर्गवास दिन -बुधवार, दिनांक 13-08-2025 को हो गया है एवं हमारे पूज्य श्री मनफूल सिंह पुत्र स्व० लक्खी राम का स्वर्गवास दिन- बुधवार, दिनांक 20 अगस्त 2025 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

जिनकी तेरहवीं, दिन- सोमवार, दिनांक 25-08-2025 को निम्नानुसार होगी -

| | |
|---|---|
| हवन | 9 बजे प्रातः (निज निवास) |
| ब्रह्मभोज | 11:30 बजे दोपहर |
| रस्म पगड़ी | 2 बजे दोपहर |

कार्यक्रम स्थल :- मधुर मिलन बैंकेट हॉल, कूकड़ा चौराहा, निकट ब्लॉक, मुजफ्फरनगर।

शोकाकुल :- ब्रहम सिंह, रतन सिंह, राजेन्द्र सिंह
सतेन्द्र, परमेन्द्र, हरेन्द्र, मनीष, आशीष, अजीत, सुजीत
एवं समस्त परिवार

प्रतिष्ठान :- हरिओम ट्रेडर्स
6-अ, नवीन मण्डी स्थल, मुजफ्फरनगर।

निज निवास :- 503, मुनीम कॉलोनी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।

M:.9412210027, 9389970007, 9412210627, 9528231672, 9719655815


# चेयरपर्सन ने बंद कराए शहर के छह बड़े कूड़ा डलावघर

## - स्वरूप परिवार की चौथी पीढ़ी ने कंपनी बाग में काटा फीता - जनता को समर्पित किये डेढ़ करोड़ रुपये के 5 कॉम्पेक्टर





मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के साथ गारबेज फ्री सिटी की नीति के तहत और भी अधिक मजबूती देने की खातिर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शहर के छह बड़े कूड़ा डलावघरों को बंद कराने की पहल है। इसके लिए पालिका ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से खरीदे 5 मोबाइल काम्पेक्टर को जनता को समर्पित किया। इन डलावघरों पर ये कॉम्पेक्टर लगाए हैं, जिससे वार्डो से निकलने वाले कूड़े को सीधा कॉम्पेक्टर में डालेगे। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शनिवार की सुबह मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका का निरीक्षण किया। यहां सफाई व्यवस्था को परखने के साथ ही उन्होंने शहर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के उद्देश्य से राजवाहा रोड श्मशान घाट, नई मंडी गेट नम्बर 03, भोपा पुल, आवास विकास सरकुलर रोड व आर्य समाज रोड के दोनों डलावघर सहित छह बड़े कूड़ा डलावघरों को बंद कराने के लिए 5 नये मोबाइल कॉम्पेक्टर जनता को समर्पित किए। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सभासदों, ईओ प्रज्ञा सिंह और स्वरूप परिवार की चौथी पीढ़ी के रूप में एक खास नन्हीं मेहमान गौरवी (चेयरपर्सन की पौत्री) के साथ फीता काटकर कॉम्पेक्टर का उद्घाटन किया और हरी झंडी दिखाकर उनको रवाना किया। इन पांच कॉम्पेक्टर के सहारे छह कूड़ा डलावघर बंद होने से शहरवासियों को गन्दगी से निजात मिलेगी। इसके साथ ही एक कॉम्पेक्टर भाजपा कार्यालय के पास गांधी नगर डलावघर पर लगाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद रितु त्यागी, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, शौकत अंसारी, अमित पटपटिया, अन्नू कुरैशी, नौशाद, सतीश कुकरेजा, अब्दुल सत्तार, विजय चिंटू, ललित कुमार, मौ. गुलरेज राजू, एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही, चीफ योगेश गोलियान, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, लिपिक मैनपाल, आईटी प्रियेश कुमार, कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नितेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इस सम्बन्ध में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत पालिका को प्राप्त हुई धनराशि से ये 5 कॉम्पेक्टर खरीदे गये हैं। इन पर 1.54 करोड़ रुपये खर्च हुए। ये कॉम्पेक्टर पालिका के साथ अनुबंध के आधार पर कार्य कर रही निजी कंपनी जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा.लि. के प्रोजेक्ट मैनेजर नितेश चौधरी को सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि शहर को कूड़े और गंदगी से मुक्त करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके। आज छह कूड़ा डलावघरों को बंद किया है, जो सफाई व्यवस्था का सुधार नहीं, बल्कि हमारी सोच व हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।

उधर इस सम्बन्ध में पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि नई कंपनी को कार्य संभालने के दौरान शहर में 29 कूड़ा डलावघर दिए थे, जिनमें से अभी तक 12 डलावघर और गारबेज प्वाइंट को खत्म कर दिया है। अब 17 गारबेज प्वाइंट बचे हैं, इनमें कुछ बड़े डलावघरों को पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के दिशा निर्देशन में जल्द ही बंद कराने की तैयारी है।

## भाजपा फूट डालो-राज करो नीति पर कर रही काम: शिवपाल

### - राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव का नगर में हुआ स्वागत





मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। पूर्व कैबिनेट मंत्री व सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव शनिवार को नगर में पहुंचे, जहां मुजफ्फरनगर के गुप्ता रिसॉर्ट पर सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एड, चरथावल विधायक पंकज मलिक, राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी समेत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। बाद में उन्होंने जानसठ रोड स्थित प्रदेश सचिव चौ. इलम सिंह गुर्जर के आवास पर गृह प्रवेश समारोह में शिरकत कर उनके पौत्र के जन्म दिवस पर आशीर्वाद दिया। पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि आज चुनाव आयोग व भाजपा की साठगांठ की पोल खुलने के साथ भाजपा की फर्जी जीत की भी पोल खुल गई है। भाजपा का ग्राफ तेजी से गिरा है वह सिर्फ वोट चोरी मतदाता सूचियों में भारी गड़बड़ी के बूते अपनी जीत के झूठे दावे करती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा फूट डालो-राज करो की नीति पर काम कर रही है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था से भाजपा ने जनता के राजनीतिक दलों पर विश्वास तोड़कर देश के लोकतन्त्र को चोट पहुंचाने का कृत्य किया है। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता जनता को साथ लेकर वोट चोरी व मतदाता सूचियों में भारी गड़बड़ी को रोकने व निष्पक्ष मतदान के लिए संघर्ष का बिगुल बजा चुके है। सपा अन्य विपक्षी दलों के साथ मिल कर पूरे देश में भाजपा द्वारा वोट चोरी के नाम पर जनता को वोट के अधिकार को लूटने के विरुद्ध बड़ा संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि आज चुनाव आयोग की निष्पक्षता, विश्वसनीयता का संकट भाजपा ने खड़ा किया है एक भी मतदाता की वोट चोरी को रोकने के लिए आंदोलन बढ़ता ही जाएगा। सपा नेता चौ. इलम सिंह गुर्जर के आवास पर सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, जिलाध्यक्ष ज़िया चौधर, सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, इलम सिंह गुर्जर व महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी मौजूद रहे। स दौरान श्यामलाल बच्ची सैनी, मुखिया गुर्जर, हाजी लियाकत अली, साजिद हसन, सोमपाल कोरी, रविकांत त्यागी, धर्मेन्द्र नीटू, पवन बंसल, शमशेर मलिक, सत्यदेव शर्मा, संजीव आर्य, सादिक चौहान, दीप्ति पाल, पूजा अंबेडकर, रमेश चंद शर्मा, वसीम राणा, कपिल मलिक आदि मौजूद रहे।

## सीबीआई ने अनिल अंबानी की आरकॉम पर 2000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का केस दर्ज किया



मुंबई, 23 अगस्त (एजेंसी)। बैंक धोखाधड़ी के मामले में आरकॉम और अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की सीबीआई ने छापा मारा है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों की तलाशी ली। इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि एजेंसी आरकॉम और उसके प्रमोटर निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था। यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निदेशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी। आपको बता दें कि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था, '24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी के वर्गीकरण की सूचना दी थी और अब वह सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया था कि आरकॉम में एसबीआई के ऋण जोखिम में 26 अगस्त, 2016 से प्रभावी 2,227.64 करोड़ रुपये की निधि-आधारित मूल बकाया राशि (साथ ही अर्जित ब्याज और व्यय) और 786.52 करोड़ रुपये की गैर-निधि-आधारित बैंक गारंटी शामिल है। आरकॉम दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। समाधान योजना को लेनदारों की समिति की ओर से अनुमोदित किया गया था और 6 मार्च, 2020 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, मुंबई में दायर किया गया था।


### बाग बहार बिकाऊ है

निराना कृषि फार्म, निराना, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर, लगभग 420 आम के पेड़ जिनकी नीलामी दिनांक 28/08/2025, दिन-बृहस्पतिवार (जुमेरात) को 12 बजे, दोपहर को निराना फार्म पर होगी।

प्रबन्धक
मो. 9719643049


## बस-बोलेरो की टक्कर में तीन महिलाओं सहित 4 की मौत

नागौर, 23 अगस्त (एजेंसी)। डीडवाना-कुचामन क्षेत्र में शनिवार सुबह लाडनूं-सुजानगढ़ मार्ग पर पाबोलाव बालाजी मंदिर के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। रोडवेज बस और बोलेरो की आमने-सामने भिड़ंत में बोलेरो सवार तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवार लोग उसमें फंस गए। पुलिस व मेडिकल टीम ने मशक्कत कर उन्हें बाहर निकाला। जसवंतगढ़ थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान बोलेरो चालक बांठा की ढाणी बीकानेर निवासी ओमसिंह, मोमासर चूरू निवासी लिछमा और शारदा और बीदासर निवासी शारदा के रूप में हुई है। हादसे में चूरू की मोमासर निवासी ममता, मुरली, आशीष और राजलदेसर निवासी रूपा गंभीर घायल हुए हैं, जिन्हें लाडनूं के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव मोर्चरी में रखवाए गए हैं और परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि हादसे में जयपुर जा रही सीकर डिपो की रोडवेज बस की सवारियों को भी मामूली चोटें आई हैं। हादसे के कारण कुछ समय के लिए लाडनूं-सुजानगढ़ मार्ग पर जाम लग गया था। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने के बाद यातायात बहाल किया गया। हादसे के समय इलाके में तेज बारिश हो रही थी, जिसके चलते बचाव कार्य में काफी परेशानी आई।

## न्यूयॉर्क में भारतीय-चीनी यात्रियों से भरी बस पलटी, एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत



न्यूयॉर्क, 23 अगस्त (एजेंसी)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक टूर बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 5 लोगों की मौत की हो गई है। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना जेनेसी काउंटी के पेमब्रोक में इंटरस्टेट 90 पर हुई, जब 50 से अधिक यात्रियों को लेकर बस शुक्रवार को नियाग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क शहर लौट रही थी। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस के प्रवक्ता जेम्स ओकैलाघन ने कहा- कि इस समय, हमारे पास कई लोगों की मौत, कई लोगों के फंसने और कई लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्होंने आगे कहा कि कुल मौतों और घायलों की संख्या अभी भी निर्धारित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई, जब बस के चालक ने पूरी गति से गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और बस में सवार हर यात्री के शरीर में चोट के निशान हैं। पुलिस ने बताया कि कुछ लोग दुर्घटना के समय गाड़ी से बाहर गिर गए और माना जा रहा है कि ज्यादातर लोगों ने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी। बस बहुत क्षतिग्रस्त हो गई थी; दुर्घटना के समय गाड़ी से कई यात्री बाहर निकल गए थे, लेकिन चालक जिंदा और स्वस्थ था। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने एक्स पर कहा कि उन्हें ह्यदुखद टूर बस दुर्घटनाह्न के बारे में जानकारी दे दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी टीम राज्य पुलिस और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है, जो ह्यइसमें शामिल सभी लोगों को बचाने और सहायता प्रदान करनेह्न के लिए काम कर रहे हैं। नॉनप्रॉफिट एयर मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विस प्रोवाइडर मर्सी फ्लाइट ने कहा कि उसके तीन हेलीकॉप्टर दुर्घटनास्थल से लोगों को क्षेत्रीय अस्पतालों तक पहुंचा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक बस में 52 यात्री सवार थे। इसमें ज्यादातर परिवार फिलिपीनी, भारतीय और चीनी मूल के थे। हादसे के बाद कई यात्री बस से बाहर गिर गए जबकि कुछ मलबे के नीचे दब गए। जानकारी के अनुसार आंखों देखी बताने वाले एक स्थानीय नागरिक ने कहा कि सड़क पर चारों तरफ कांच और लोगों का सामान बिखरा पड़ा था, खिड़कियां पूरी तरह टूट चुकी थीं।


Lakshya Edu. & Sports School
Muradpura, Baghra, MZN
(Affiliated to C.B.S.E. 10+2 New Delhi)

WE ARE HIRING

REQUIRED
* PGT-English

• Salary Start Minimum 18,000.
• Interview Timing 08:30 Am To 12:30 Pm
• Transport Available From Muzaffarnagar

Send your CV to
Mob: 9759370230, 9411092569
E-mail:lakshyaschool05@gmail.com



आवश्यकता है

EXPERIENCED STAFF REQUIRED FOR CA/LAW FIRM

A well qualified staff in Accounts/ Audit/ GST is required (Male/Female) for CA/ Law firm in the city (MZN), who has well knowledge and experience of all GST Returns (all forms), Tax Audit, ITR and accounts.

Preference will be given to those who have knowledge in all fields and have working experience in CA firm

Very Attractive Salary with best increment

Contact: 9837808180, 9837244256
New Mandi, Muzaffarnagar


## सार्थक पहल, 4 माह में 50 से अधिक पुरुष नसबंदी ऑपरेशन

### - बघरा ब्लॉक में सीएमओ ने किए चार नसबंदी ऑपरेशन



मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। सीएमओ सुनील तेवतिया के नेतृत्व में जनपद में नई गति व सफलता की ओर अग्रसर हो रही है। इस कड़ी में वित्तीय वर्ष के मात्र चार महीनों की अवधि में ही 50 से अधिक पुरुष नसबंदी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं, जबकि बीते वित्तीय वर्ष में 47 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किए गए थे। यह उपलब्धि जिले में परिवार नियोजन के प्रति बढ़ती जागरुकता और स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत का स्पष्ट प्रमाण है। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने इस अभियान में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए न केवल इसकी निगरानी की, बल्कि स्वयं भी ऑपरेशन थिएटर में जाकर सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने अपने हाथों से 20 से अधिक पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किए, जिससे न केवल स्वास्थ्य विभाग की टीम को प्रेरणा मिली, बल्कि आम जनता के बीच में पुरुष नसबंदी के प्रति सकारात्मक संदेश भी पहुंचा। इस अभियान में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा का योगदान भी सराहनीय रहा। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग की और टीम को संगठित तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उनकी लगन और समर्पण के कारण लक्ष्य की प्राप्ति में बड़ी तेजी आई है। साथ ही जिला परिवार कल्याण एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधक डॉ. दिव्यांक दत्त ने लॉजिस्टिक्स का प्रबंधन व राज्य स्तर तक रिपोर्टिंग कार्य को अच्छे से बखूबी निभाया। सीएमओ डॉ. तेवतिया ने कहा कि परिवार नियोजन समाज व परिवार दोनों के स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यकता है, उनकी प्राथमिकता है कि जिले के लोगों को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। उन्होंने अपील की कि लोग स्वेच्छा से पुरुष नसबंदी अपनाने के साथ छोटे परिवार के सिद्धांत को अपनाकर सुखी जीवन का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी ऑपरेशन थिएटर में पुरुष नसबंदी ऑपरेशन करते हैं ताकि लोगों में विश्वास पैदा हो और उन्हें प्रेरणा मिले।


फ्री फ्री फ्री फ्री
सभी जातियों के लिये
IIFL
IMAGINE INSTITUTE OF FELLOWSHIP&LEARNING
A Software & Hardware Networking Institute
रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT
(AGovt. of India Course)
CCC
COURSE ON COMPUTER CONCEPTS
:डॉक्यूमेंट:
हाईस्कूल मार्कशीट
अपार आईडी.
आधार कार्ड
दो फोटो
LIMITED SEATS केवल रजिस्ट्रेशन शुल्क लागू*
IIFL INSTITUTE, OPP. S.D. DEGREE COLLEGE
NEAR PETROL PUMP, MUZAFFARNAGAR
9690639895
9045070001


## प्रयागराज-एक्सप्रेस में सिपाही ने सो रही लड़की से बैडटच किया, अचानक उठी तो हाथ जोड़कर रोने लगा



प्रयागराज, 23 अगस्त (एजेंसी)। ट्रेन में एक छात्रा के साथ जीआरपी सिपाही ने गंदी हरकत की। जब छात्रा को इसका अहसास हुआ तो उसने विरोध किया। छात्रा ने सिपाही की शिकायत की और उसे सस्पेंड कर दिया गया। मामला नई दिल्ली से प्रयागराज जा रही एक्सप्रेस ट्रेन का है। एस9 कोच में एक छात्रा गहरी नींद में थी। लड़की को सोता देखकर पुलिसकर्मी आशीष गुप्ता छात्रा के पास गया और बेड टच करने लगा। जब लड़की को कांस्टेबल की हरकतों का एहसास हुआ तो वह चौंक कर उठ गई। सिपाही को खुद से दूर किया। इससे हंगामा शुरू हो गया। छात्रा ने हेल्पलाइन नंबर 149 कर शिकायत की तो आरोपी घबरा गया और माफी मांगने लगा। जीआरपी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने कहा कि प्रयागराज जंक्शन पर ट्रेन पहुंचने के बाद युवती को महिला सिपाहियों के साथ रोका गया। उन्होंने तहरीर देने से इंकार कर दिया। बातचीत में इतना बताया कि वह प्रयागराज में पढ़ाई कर रहे हैं। वीडियो और ऑनलाइन शिकायत के आधार पर आरोपी सिपाही को सस्पेंड किया गया है।

## भारत में सेमी कंडक्टर के विकास को बढ़ावा, 23 चिप डिजाइन परियोजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसी)। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने देश में सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत 23 चिप डिजाइन परियोजनाओं को मंजूरी देने की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य घरेलू स्टार्ट-अप्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को चिप निर्माण के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। इन स्वीकृत परियोजनाओं के तहत तैयार की जाने वाली चिप्स का इस्तेमाल निगरानी कैमरों, ऊर्जा मीटरों, इलेक्ट्रिक वाहनों, ड्रोन, औद्योगिक स्वचालन, एविएशन और अन्य क्षेत्रों में किया जाएगा। मैटी के अनुसार, इससे भारत में चिप डिजाइन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। मंत्रालय ने यह भी बताया कि अब तक 72 कंपनियों को उद्योग-स्तर के इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन टूल्स तक पहुंच दी जा चुकी है। इससे स्टार्ट-अप्स को चिप डिजाइन करने में बड़ी मदद मिलेगी और नई तकनीकों के विकास की रफ्तार बढ़ेगी। बेंगलुरु की फेबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी को भी इस योजना के तहत समर्थन मिला है। कंपनी 2017 से चिप डिजाइन के क्षेत्र में काम कर रही है और अब कई उन्नत परियोजनाओं पर काम कर रही है। सरकार ने हाल ही में भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार नई सेमीकंडक्टर निर्माण परियोजनाओं को भी मंजूरी दी थी। ये परियोजनाएं ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पंजाब में स्थापित की जाएंगी। अब तक देशभर में कुल रुपए 1.6 लाख करोड़ की लागत से 10 सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स की योजना बनाई जा चुकी है, जो छह राज्यों में फैले होंगे। इन परियोजनाओं से 2,000 से अधिक कुशल श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है, जबकि हजारों अप्रत्यक्ष रोजगार भी उत्पन्न होंगे। यह पहल न केवल भारत को सेमीकंडक्टर निर्माण और डिजाइन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि भारत को वैश्विक तकनीकी हब की ओर भी अग्रसर करेगी।

## एसडीएम ने बीएलओ सुपरवाइजर की ली बैठक

जानसठ, 23 अगस्त (बु.)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची में संशोधन कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी को लेकर उपजिलाधिकारी जानसठ जयेंद्र सिंह ने तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, नायब तहसीलदार अजय सिंह के साथ मिलकर शनिवार को जानसठ तहसील सभागार में संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी जयेन्द्र सिंह ने समस्त बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता सूची में संशोधन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर मतदाता सूची में किसी का नाम नहीं है, तो पूरे पारदर्शी तरीके से संबंधित प्रपत्र भरवा कर उनका नाम दर्ज करें, जिनका नाम मतदाता सूची में गलत तरीके से दर्ज है, उसे सही करें। एसडीएम जयेंद्र सिंह ने चेताया कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एसडीएम जयेंद्र सिंह, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, नायब तहसीलदार अजय कुमार सहित बीएलओ, सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## वोटर अधिकार यात्रा को राकेश टिकैत का समर्थन, कहा- राहुल गांधी सही दिशा में काम कर रहे हैं

**मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (एजेंसी)।** मुजफ्फरनगर में किसान नेता राकेश टिकैत ने राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का समर्थन किया है। टिकैत ने कहा कि राहुल गांधी सही दिशा में काम कर रहे हैं। टिकैत ने बताया कि इस मुद्दे पर 13 साल पहले बिहार से शुरूआत हुई थी और 5 साल पहले इस पर ट्रायल भी शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष को अब इस मुद्दे की समझ आई है, तो उन्हें इस पर गंभीरता से काम करना चाहिए।



किसान नेता ने वोट की चोरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने जिला पंचायत चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रमुख पद पर लोग जिस तरह चुने जाते हैं, वह वोट की चोरी का नतीजा है। पश्चिम उत्तर प्रदेश पाकिस्तान बन रहा है, इस बयान पर राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार मुसलमानों का इलाज करेगी, लेकिन जब मुसलमान खुद इकट्ठा नहीं हो रहे, तो ऐसे में हम क्या कर सकते हैं? इकट्ठा तो उन्हें ही होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हारने के बाद अक्सर लोग बिना सोचे-समझे बयान दे देते हैं। हरिद्वार में किसानों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर टिकैत ने कहा कि 28 तारीख को वहां पंचायत होगी। तब तक प्रशासन को जवाब देना चाहिए। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो पंचायत में बड़ा निर्णय लिया जाएगा। टिकैत ने कहा कि किसानों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर धरना जारी रहेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात भी 28 तारीख के बाद ही होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की आदत हो गई है लाठीचार्ज करने की, कांवड़ियों पर भी ऐसा ही हुआ।

## थानों में समाधान दिवस का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)।** शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने छपार थाने पर पहुंचकर पीड़ितों की समस्याओं को सुना और उनके सामने एक समस्या समाधान दिवस में पहुंची, जिसका मौके पर निस्तारण करा दिया गया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने खतौली व मन्सूरपुर थाने पर पहुंचकर पीड़ितों की समस्याओं को सुना। खतौली थाने पर उनके सामने 3 समस्याएं आई, जिसमें एक का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। मन्सूरपुर थाने पर उनके सामने 3 समस्याए पहुंची, जिसमें दो का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। एक समस्याए के निस्तारण के लिए टीम गठित की गयी है। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बुढ़ाना थाने पर पीड़ितों की समस्याओं को सुना, जिसमें 4 समस्याएं उनके सामने आई, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। नई मंडी थाने पर तीन समस्याएं आई, जिसमें तीनों का निस्तारण करा दिया गया। एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने शहर कोतवाली में पीड़ितों की समस्याओं को सुना। उनके सामने दो समस्याएं आई, जिसमे एक का मौके पर निस्तारण करा दिया गया।

## 13 अगस्त से लापता भाई की बरामदगी की मांग

**मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)।** नई मंडी कोतवाली में कूकड़ा निवासी अंकित मोहन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भाई निखिल मोहन शर्मा की प्रिंस शर्मा निवासी बचन सिंह कॉलोनी के साथ जान पहचान थी। 13 अगस्त को प्रिंस उनके घर आया और उसके भाई को बुलाकर अपने साथ ले गया। उसके बाद उसका भाई घर वापस नहीं आया है। परिवार ने अनहोनी की आशंका जताते हुए भाई को बरामद कराने की मांग की। मंडी पुलिस ने तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अनिल अंबानी पर एसबीआई के आरोपों का खंडन, अदालत में देंगे चुनौती

**नयी दिल्ली, 23 अगस्त (वार्ता)** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा शनिवार को कारोबारी अनिल अंबानी के मुंबई स्थित दो परिसर में छापेमारी की कार्रवाई के बाद रिलायंस कम्युनिकेशन की तरफ से जारी बयान में अनिल अंबानी पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के करोड़ों रुपए के धोखाधड़ी के आरोपों का खंडन किया गया और कहा गया कि इन आरोपों को अदालत में चुनौती दी जायेगी। रिलायंस कम्युनिकेशन की तरफ से शनिवार को जारी बयान में कहा गया है कि श्री अंबानी पर लगे सभी आरोपों और अभियोगों का दृढ़तापूर्वक वह खंडन करती है और इस संबंध में वह कानून सम्मत तरीके से अपना बचाव करेगी। रिलायंस कम्युनिकेशन के प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि श्री अंबानी के आवास पर तलाशी आज दोपहर जल्दी पूरी हो गई। बयान में कहा गया कि एसबीआई द्वारा दर्ज की गई शिकायत 10 साल से भी ज्यादा पुराने मामलों से संबंधित है। उस समय, श्री अंबानी कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक थे और कंपनी के दैनिक प्रबंधन में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। यह ध्यान देने योग्य है कि एसबीआई ने अपने आदेश से पहले ही पांच अन्य गैर-कार्यकारी निदेशकों के खिलाफ कार्रवाई वापस ले ली है, इसके बावजूद, श्री अंबानी को जान बूझकर निशाना बनाया गया है।

## 7630 स्कूली इमारतें जर्जर अवस्था में

**लखनऊ 23 अगस्त (वार्ता)** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में चल रहे एक मामले की सुनवायी के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि एक अप्रैल 2024 से 31 जुलाई 2025 तक 7630 ऐसी स्कूली इमारतें मिली हैं जो जर्जर अवस्था में थीं तथा ऐसी इमारतों के जर्जर हिस्सों को ध्वस्त करा दिया गया है। सरकार की ओर से कोर्ट को यह भी भरोसा दिलाया गया है कि पूरे प्रदेश में स्कूली इमारतों की जांच चल रही है। इस पर कोर्ट ने मामले में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की सुस्ती पर नाखुशी जताते हुए कहा कि इस मामले को देखने की जिम्मेदारी उसकी थी, लेकिन वह अपना दायित्व गम्भीरता से नहीं निभा रहा है। कोर्ट मामले की अगली सुनवायी के लिए 22 सितम्बर की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है।

# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 5 बाइकें बरामद

**मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)।** एसएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा ने प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि सिविल लाइन पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर पांच बाइकों के साथ गिरफ्तार किये हैं। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि कई दिनों से थाना सिविल लाइन क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम के साथ विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। पुलिस को सफलता तब मिली जब मुखबिर ने सूचना दी कि नई मण्डी पुल के नीचे ऋतिक निवासी वाल्मीकि बस्ती देवबंद तथा अंश निवासी तल्हेड़ी चुंगी देवबंद उक्त कार्य करते हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और गिरफ्तार आरोपियों की ही निशानदेही पर माल रोड से झाड़ियों के बीच से चार बाइकें बरामद की। पुलिस के अनुसार आरोपी ट्रेन से शहर में आकर बाइक चोरी कर अपनी ही रिश्तेदारी में बाइक बेच दिया करते थे। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने दो बाइक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बीएसएनएल कार्यालय व दूसरी बाइक अल्यािबाई चौक व एक बाइक थाना सदर बाजार सहारनपुर क्षेत्र से चोरी की थी। पुलिस ने दोनों चोरों का चालान कर जेल भेज दिया है।





# छोटूराम कॉलेज के प्रोफसर व उनके पिता के हत्यारोपी दो सगे भाईयों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

## ▶▶ एसटीएफ ने गुजरात के अहमदाबाद व राजस्थान के जयपुर से की गरफ्तारी

**मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)।** आपको बता दें कि 11 अगस्त 2009 को जनपद के भोपा में होली चौक पर विनोद पुत्र राजकरण राठी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसमें पिता राजकरण द्वारा परिवार के ही ऋषिपाल व उसकी पत्नी बाला व पुत्र धीरज, नीरज सहनसरपाल पुत्र गिरवर, उसके पुत्र रोहित निवासीगण भोपा तथा रामधन निवासी गांव शोरम थाना शाहपुर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद बेटे की हत्या के मुकदमे की पैरवी कर रहे स्वयं राजकरण राठी की हत्या 12 मई 2010 को जंगल में कर दी गयी थी। राजकरण की हत्या का मुकदमा पत्नी सुशीला द्वारा दर्ज कराया गया, जिसमें धीरज व नीरज के अलावा उनकी माता बाला, कुसुम पत्नी सहनसरपाल, मोहित पुत्र सहनसरपाल, ऋषिपाल पुत्र गिरवर निवासीगण भोपा व विक्रम पुत्र जबर सिंह निवासी गांव रहमतपुर थाना भोपा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से अन्य सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो गयी थी मगर धीरज व नीरज लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने




कार्रवाई करते हुए दोनों के घर कुर्की की कार्रवाई के साथ-साथ इनकी तलाश भी जारी रखी। शनिवार को क्षेत्राधिकारी देववृत वाजपेयी ने बताया कि एसटीएफ टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उन्हें भोपा पुलिस को दिया है। पुलिस की माने तो धीरज को गुजरात राज्य के सानंद अहमदाबाद व नीरज को राजस्थान राज्य के प्रतापनगर जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में दोनों ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दोनों बेहद शातिर हैं और दूसरे राज्यों में पहचान बदलकर रह रहे थे। कभी कभी इनका परिवार से भी सम्पर्क होता था। दोनों पर 40-40 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने दोनों का चालान कर जेल भेज दिया है।

# अचानक बदल गया आपके फोन का लुक, कोई परेशान तो कोई हैरान

**मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु)।** अगर आप गूगल फोन एप्प इस्तेमाल करते हैं तो आपको एक बड़ा बदलाव दिख रहा होगा। कई लोग सोशल मीडिया पर इसका कारण भी पूछ रहे हैं। लेकिन ज्यादातर लोगों को इसका सही कारण नहीं पता है। गूगल फोन में अचानक इस

**जानिये क्या है फोन कंपनी का नया बदलाव और क्या हैं इसके कारण?**

बदलाव से कई एंड्रॉयड फोन यूजर्स चौंक भी गए हैं। गूगल ने अपने फोन एप्प में मैटीरियल-3 एक्सप्रेसिव री-डिजाइन लागू कर दिया है, यह अब स्टेबल यूजर्स तक पहुंचना शुरू हो गया है। इस नए डिजाइन को खासतौर पर ज्यादा मॉडर्न, सिम्पल और यूजर-फ्रेंडली बनाने के लिए तैयार किया गया है। सबसे बड़ा बदलाव ऐप्प की नेविगेशन स्टाइल में है।




### क्या-क्या बदल गया

**मुजफ्फरनगर।** अब ऐप्प में तीन टैब हैं। जहां फेवरेट और रीसेंट को मिलाकर नया होम टैब बना दिया गया है। इस होम टैब में आपकी कॉल हिस्ट्री दिखेगी और ऊपर की ओर एक बार/कैरोसेल में आपके स्टॉरिड कॉन्टेक्ट्स नजर आएंगे। इससे बार-बार कॉन्टेक्क्ट्स खोजने की परेशानी खत्म हो जाएगी और आपकी जरूरी बातचीत को जल्दी एक्सेस किया जा सकेगा। की-पैड सेक्शन को भी नया रूप दिया गया है। पहले जो फ्लोटिंग एक्शन बटन से एक्सेस होता था, वह अब ऐप्प का दूसरा टैब बन चुका है। नम्बर पैड की शीट अब गोल किनारों में नजर आती है, जिससे इंटरफेस और भी साफ-सुथरा लगता है। वहीं, वॉइस मेल सेक्शन में बड़ा बदलाव नहीं किया गया है, सिर्फ इसकी लिस्ट स्टाइल को नया लुक दिया गया है। गूगल ने कॉन्टेक्क्ट्स को अब एक नए नेविगेशन ड्रॉअर में शिफ्ट कर दिया है। इसे ऐप्प के सर्च फील्ड से एक्सेस किया जा सकता है। इस ड्रॉअर में कॉन्टेक्ट्स के अलावा सैटिंग, क्लियर ऑल हिस्ट्री और हैल्प एंड फीडबैक जैसे ऑप्शन भी मौजूद रहेंगे। सैटिंग पेज पर भी अब M3 Expressive Design का असर साफ दिखता है। इनकमिंग कॉल स्क्रीन को भी नया रूप दिया गया है। अब कॉल रिसीव या रिजेक्ट करने के लिए आपको हॉरिजोन्टल स्वाइप या सिंगल टैप का विकल्प मिलेगा। इसे आप सैटिंग> इनकमिंग कॉल गेस्चरर से सेट कर सकते हैं। गूगल का कहना है कि यह फीचर खासतौर पर उन एक्सीडेंटल डिक्लाइन और आंसर को रोकने के लिए जोड़ा गया है, जो अक्सर फोन को जेब से निकालते वक्त हो जाते हैं।

### इन-कॉल इंटरफेस में भी बदलाव

**मुजफ्फरनगर।** इन-कॉल इंटरफेस भी बदला हुआ है। अब कॉल के दौरान इस्तेमाल होने वाले बटन पिल-शेप में नजर आते हैं और जब आप उन्हें सलेक्ट करते हैं तो यह राउंडेड रेक्टेंगल में बदल जाते हैं। सबसे अहम बात यह है कि एंड कॉल बटन पहले से बड़ा कर दिया गया है, जिससे कॉल डिस्कनेक्ट करना और आसान हो गया है। यह नया डिजाइन जून से टेस्टिंग फेज में था और अब आखिरकार Google Phone गूगल एप्प के वर्जन 186 के साथ स्टेबल यूजर्स तक पहुंच रहा है। यह अपडेट गूगल कॉन्टेक्ट्स के नए डिजाइन से जुड़ता है और जल्द ही गूगल मैसेज ऐप्प में भी एम3 एक्सप्रैसिव रोलआउट हो रहा है।

# पटना के दनियावां में भीषण सड़क हादसा, गंगा नहाने जा रहे 9 की मौत

**पटना, 23 अगस्त (एजेंसी)।** पटना जिले के दनियावां में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल पटना रेफर किया गया है। हादसा उस समय हुआ जब हिलसा के मलामा गांव के लोग एक ऑटो में सवार होकर फतुहा गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। सभी मृतक नालंदा जिला के हिलसा थाना के रेडी मालामा के निवासी हैं। रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के कारण उन्हें पटना रैफर किया गया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी पटना ने कहा कि आज सुबह लगभग पौने सात बजे की यह घटना है। ऑटो और ट्रक की टक्कर के कारण यह दुर्घटना हुई। यह काफी दुःखद है। परिजनों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं। लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना, ट्रैफिक पुलिस और एम्बुलेंस घटना-स्थल पर भेज दिया गया। प्राप्त सूचना के अनुसार पांच लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। सिविल सर्जन को अस्पताल अधीक्षक से नियमित संपर्क में रहकर घायलों का समुचित इलाज कराने के लिए निर्देश दिया गया है। अंचल, थाना एवं ट्रैफिक पुलिस की टीम घटनास्थल पर मौजूद है तथा घायलों एवं परिजनों की सहायता हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई कर रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फतुहा-1, अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी तथा पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण स्थल पर उपस्थित हैं एवं सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं।

# बीएसएफ जवान डेढ़ साल के बेटे संग गंगा में कूदा, बिजनौर में 4 दिन पहले पत्नी ने भी लगाई थी छलांग

**बिजनौर, 23 अगस्त (एजेंसी)।** बिजनौर में बीएसएफ जवान डेढ़ साल के बेटे को लेकर गंगा नदी में कूद गया। राहगीरों ने छलांग लगाते ही शोर मचाया। सूचना मिलते ही पुलिस, पीएसी और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोर करीब 5 घंटे से नदी में बाप-बेटे की तलाश कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उनका पता नहीं चला है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें जवान दोपहर 2 बजे बेटे के साथ बैराज पर जाते दिख रहा है। पहले वह बेटे को पैदल लेकर जाता है। बैराज के गेट नंबर 17 के पास पहुंचने ही वह बेटे को गोद में उठाता है और नदी में छलांग लगा देता है। इससे पहले 19 अगस्त को उनकी पत्नी मनीषा ठाकुर ने भी बैराज के गेट नंबर 17 से ही छलांग लगाई थी। कूदने का समय भी लगभग सेम ही था। 4 दिन से उसकी तलाश की जा रही है, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला है। आपको बता दें कि नजीबाबाद के वेदविहार कॉलोनी में बीएसएफ जवान पत्नी मनीषा ठाकुर और बेटे



प्रणव के साथ रहते थे। राहुल अहमदाबाद में तैनात थे। 5 साल पहले राहुल ने मनीषा से लव मैरिज की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक था। साढ़े तीन साल बाद बेटे प्रणव डेढ़ साल का जन्म हुआ। कुछ दिन पहले ही राहुल छुट्टी पर घर आए थे। 19 अगस्त मंगलवार को राहुल का मनीषा से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में मनीषा बोली- मैं बैराज से कूद कर जान दे दूंगी। इतना कहकर वह घर से निकल गईं। पति भी उनके पीछे-पीछे निकला। उनको आस-पास ढूंढा, लेकिन कहीं पता नहीं चला। घर से 45 किमी दूर गंगा बैराज पर पहुंचे तो देखा गेट नम्बर 17 के सामने मनीषा की चप्पल पड़ी थी।

## भूसा व्यापारी से लूट के आरोपी का पुलिस ने किया चालान

**मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। आपको बता दें कि शुक्रवार रात नई मंडी कोतवाली पुलिस व एसटीएफ मेरठ ने भोपा रोड पर भूसा व्यापारी से 11 लाख रुपए लूटने वाले शातिर अपराधी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनके पास से बाइक व पिस्टल बरामद किया था। उसने अपने साथी अरविंद व सन्नी निवासी दौराला के साथ मिलकर 11 लाख रुपए की लूट की थी। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि गिरफ्तार एक लाख के इनामी बदमाश ने अपने साथी पप्पू के साथ मिलकर तीन दिन पहले नसीरपुर रोड पर प्रोपर्टी डीलर से बाइक, नगदी व मोबाइल लूटा था। मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश से बरामद बरामद प्रोपर्टी डीलर की है। गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया गया है।**

# गाजीपुर में विधायक बेदीराम डॉक्टर के गुटखा खाने पर भड़के : कहा-मेरे कुर्ते पर छींटे पड़े

**गाजीपुर, 23 अगस्त (एजेंसी)।** मंत्री ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा के विधायक बेदीराम ने शुक्रवार को गाजीपुर में जखनिया सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। तमाम खामियां मिलने पर विधायक बेदीराम भड़क गए। उन्होंने सीएचसी प्रभारी डॉ. योगेंद्र यादव को जमकर डांटा। खूब खरी-खोटी सुनाई।

विधायक ने कहा, डॉक्टर योगेंद्र ने मुंह में गुटखा भर रखा था। बोलते वक्त मुंह से गुटखे के छींटे उनके कुर्ते पर पड़ रहे थे। सीएचसी प्रभारी डा. योगेंद्र ने विधायक बेदीराम को सम्मान से बात करने की चेतावनी दी और कुर्सी छोड़कर चैंबर से बाहर निकल गए। डॉक्टर ने कहा बहुत विधायक देखे हैं, मैं इस्तीफा भेज दूंगा। करीब आधे घंटे तक वहां हंगामा होता रहा। इसके बाद विधायक कार्रवाई कराने की बात कहकर चले गए। बेदीराम, जखनिया से ही विधायक हैं। शुक्रवार दोपहर 12 बजे वे



अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे। करीब एक घंटे तक उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया। परिसर में साफ-सफाई देखी। मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। वार्डों में जाकर मरीजों और तीमारदारों से बात की। इस दौरान विधायक को मरीजों को दवा, सुविधा न मिलने समेत कई शिकायतें मिलीं।

# मुख्तार अंसारी का बेटा उमर गाजीपुर से कासगंज जेल शिफ्ट

**कासगंज, 23 अगस्त (एजेंसी)।** माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी के भाई उमर अंसारी को शनिवार को गाजीपुर जेल से कासगंज जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। गाजीपुर पुलिस उमर को शाम 4:52 बजे कासगंज जिला जेल लेकर पहुंची। उमर को कासगंज जेल की हाई सिक्योरिटी

**आरोपी को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा जाएगा**

बैरक में रखा जाएगा। बैरक की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। इससे पहले उमर के भाई सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी भी कासगंज जिला जेल में 2 साल 8 महीने तक रहे। अब्बास को 7 मार्च 2025 को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत पर रिहा किया गया था। उमर अंसारी को 3 अगस्त को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था। उन पर अपनी फरार मां अफसा अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप है। अफसा पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। उमर ने अदालत में याचिका दाखिल की थी। इसका मकसद गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त की गई संपत्ति को छुड़ाना था। उमर का कहना है कि उन पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। शनिवार सुबह 6 बजे पुलिस सुरक्षा में उन्हें गाजीपुर जेल से कासगंज के लिए रवाना किया गया। अब कासगंज जेल उमर का नया ठिकाना होगा। आपको बता दें कि यह बैरक पहले माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का ठिकाना रह चुका है, जहां वह लंबे समय तक बंद रहा। कई आपराधिक मामलों में सजा काट चुके मुख्तार को इस बैरक में विशेष सुविधाएं मिलने की बात समय समय पर विवादों में रही। सरकार बदलने के बाद इस बैरक पर कड़ी निगरानी शुरू हुई। एक के बाद एक कार्रवाई की गई। मुख्तार बड़े भाई अफजाल अंसारी और बड़े बेटे अब्बास अंसारी को भी इस बैरक में रखा गया था। अब्बास को अपने पिता के देहांत के बाद फातिहा में शामिल होने के लिए सशर्त पैरोल पर गाजीपुर लाया गया था।




## अमेरिका के लिए डाक सेवाओं का निलंबन

**नयी दिल्ली, 23 अगस्त (वार्ता)** भारतीय डाक विभाग ने अमेरिका के लिए पत्र और 100 डालर मूल्य तक के उपहार को छोड़कर अन्य पार्सल की बुकिंग को फिलहाल बंद करने का फैसला लिया है। संचार मंत्रालय ने अमेरिकी सरकार के 30 जुलाई के उस निर्णय के मद्देनजर लिया गया है जिसमें वहां डाक से पहुंचने वाले 800 डॉलर मूल्य तक के शुल्क मुक्त प्रवेश की व्यवस्था 29 अगस्त से खत्म की जा रही है। भारतीय संचार विभाग ने कहा उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने, सिवा उन पत्रों, दस्तावेजों और उपहार की उन वस्तुओं जिनका मूल्य 100 डालर तक है, अमेरिका जाने वाली सभी वस्तुओं की डाक बुकिंग 25 अगस्त 2025 से अस्थायी रूप से निलम्बित करने का निर्णय लिया है।

# मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस के एसी कोच के टॉयलेट में मिली 6 साल के बच्चे की लाश

## डस्टबिन में ठूंस फरार हुआ हत्यारा, पुलिस कर रही है सीसीटीवी

**मुंबई, 23 अगस्त (एजेंसी)।** मुंबई के एलटीटी टर्मिनस रेलवे स्टेशन से एक हैरान और परेशान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। जहां ट्रेन के शौचालय में छोटे बच्चे की लाश मिली है। गोरखपुर से मुंबई आने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस ट्रेन के शौचालय में ये 6 साल के बच्चे का शव मिला है। घटना रात के एक बजे की बताई जा रही है, जब सफाई कर्मचारी ने एसी कोच के बाथरूम में ये दृश्य देखा तो वो दंग रह गया। कूड़ेदान में बच्चे का शव उल्टा पड़ा हुआ था, यानी मुंह कूड़ेदान में नीचे और पैर बाहर दिखाई दे रहे थे। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआईपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर राजावाड़ी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा लेकिन, शुरूआती जांच में सामने आ रहा है कि बच्चे की गला घोंटकर हत्या की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो हत्या का



आरोप जिस व्यक्ति पर है, वह मृतक बच्चे का रिश्तेदार (भाई) बताया जा रहा है। फिलहाल जीआरपी और आरपीएफ मिलकर मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने की उम्मीद है। बच्चे की पहचान और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस सभी यात्रियों और ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुराग जुटाने में लगी है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी के पास इस मामले में कोई जानकारी है, तो वह पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि इस मामले में किसी भी तरह की जानकारी बहुत महत्वपूर्ण हो सकती है और इससे आरोपी को पकड़ने में मदद मिल सकती है। इस घटना ने एक बार फिर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

# पापा ने मम्मी को लाइटर से जिंदा जलाया, मृतक की मां ने कहा- 'खून के बदले खून

**गौतम बुद्ध नगर, 23 अगस्त (एजेंसी)।** गौतमबुद्ध नगर के दादरी से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से दहेज उत्पीड़न की एक खबर ने हैरान कर दिया। ग्रेटर नोएडा की एक महिला को कथित तौर पर ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर इतना प्रताड़ित किया कि उसे जिंदा जला दिया गया। मृतका के परिवार ने पति और ससुरालवालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए फांसी की सजा की मांग की है। इसी के साथ मृतक की मां ने कहा कि खून के बदले खून चाहिए। घटना के बाद पीड़िता के परिजन कासना थाने के बाहर एकत्र हुए और न्याय के लिए प्रदर्शन किया। इस मामले ने पूरे इलाके में गुस्सा और आक्रोश फैला दिया है। हालांकि हत्या के बाद महिला का पति गिरफ्तार कर लिया गया, तो वहीं चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज। मामले में बताया जा रहा है 35 लाख दहेज के लिए निक्की यानी पत्नी की

**दहेज के लिए निक्की को जलाने का वीडियो आया सामने, दिल दहलाने वाली है घटना**

हत्या कर दी गई। मामले में पीड़िता की मां ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'सब लोग हमारे साथ हैं...आखिर ये कैसी जांच हो रही है?...ससुराल वाले गाड़ी और नकद की मांग करते थे और मेरी बेटी को मारते-पीटते थे। उसका पति भी मेरी बेटी को गाली देता था और हमें भी अपमानित करता था। हम चाहते हैं कि दोषियों को फांसी की सजा मिले। ग्रेटर नोएडा एडीसीपी सुधीर कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि 21 अगस्त को फोर्टिस अस्पताल से कासना थाने को एक मेमो मिला कि एक महिला जलने की हालत में भर्ती हुई है और उसे सफदरजंग रेफर किया गया है। पुलिस तुरंत हरकत में आई और सफदरजंग अस्पताल पहुंची। रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराया गया और परिवार ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

GOLDEN PUBLIC SCHOOL
(Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi)
WE ARE HIRING!
Applications are invited from dynamic candidates with good academic background and fluency in English.
➡ PRTs
All Subjects
➡ TGTs
English, Hindi, Mathematics
Painting, Sanskrit,
Computer
➡ PGTs
English, Painting
➡ Counselor/ Wellness Tr.
➡ Junior Wing Coordinator
➡ Others
Lab Assistant
(Physics & Chemistry)
EDUCATIONAL QUALIFICATION AS PER CBSE NORMS
Interested candidates can send their CV/Resume with latest passport size photograph on- golden.publicmzn@gmail.com Or Whatsapp on +91 9997589620 before 26 August 2025.
Short-listed candidates will be called for Interview.
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR (U.P.)
CONTACT: 0131-2413427, +91 9997589620
Email: golden.publicmzn@gmail.com